Seventeenth Loksabha

an>

Title: Need to provide basic civic amenities in areas inhabited by Scheduled Tribes in Shrawasti Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh.

श्री रामशिरोमणी वर्मा (श्रावस्ती): मेरे संसदीय क्षेत्र श्रावस्ती (उत्तर प्रदेश) के जनपद बलरामपुर एवं श्रावस्ती के विकास खण्ड , पचपेडवा , गैसडी तुलसीपुर , हरैया सतघरवा , सिरसिया, जमुनहा, अनुसूचित जनजति बाहुल्य क्षेत्र है । जनपद बलरामपुर एवं श्रावस्ती के पचपेडवा तथा गैसडी, सिरसिया, जमुनहा में अनुसूचित जनजाति क्षेत्र (थारु जनजाति) के लोग काफी संख्या में निवास करते हैं ,जो भारत नेपाल सीमा से सटा हुआ है । यह क्षेत्र जंगल, पर्वतो तथा नदी नालों से आच्छादित हैं । आवागमन के लिए उपयुक्त सडक नहीं है , एवं नदी नालों पर पुल भी नहीं है । मोबाइल नेटवर्क भी नहीं रहता है ,शिक्षण व्यवस्था भी नहीं है । बिजली की भी समस्या है एवं स्वास्थ्य के लिए अस्पताल की भी व्यवस्था नहीं है । सरकार से मेरी मांग है कि मेरी संसदीय क्षेत्र मे आम जनमानस के हित के लिए जनहित मे यह कार्य कराया जाना अति जरूरी है ।